Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct bridge on river Batane in Karakat Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): माननीय सभापति महोदया, काराकट लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत बारुण प्रखंड के सिरिस जमुहर पथ में एक बटाने नदी है । बटाने नदी में पुल नहीं बनने के कारण कम से कम चार पंचायत के लाखों लोगों के लिए, बरसात के जो चार महीने होते हैं, उस पुल के अभाव के कारण चारों महीने आवागमन एकदम बाधित रहता है । मेरा लोक सभा क्षेत्र काराकट नक्सल प्रभावित क्षेत्र है । वहां हमेशा नक्सल गतिविधि रहती है । नक्सलवादी नक्सल घटना करके आसानी से चले जाते हैं, लेकिन प्रशासन पुल के अभाव के कारण वहां तक नहीं पहुंच पाता है । इसलिए मैं सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि जो बारुण प्रखंड में सिरिस जमुहर पथ पर मुंशी बिगहा, जीवन बिगहा के बीच में बटाने नदी पर पुल का निर्माण कराया जाए, ताकि वहां लाखों लोगों को आने-जाने की सुविधा मिल सके और घटना होने पर पुलिस सही समय पर वहां पहुंच सके । धन्यवाद ।